दिन– शुक्रवार दिनांक– 11/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उत्तर पूर्व से लेकर पश्चिम बिहार तक तेज हवा और बिजली चमकने के साथ बारिश हो सकती है। श्री कुमार ने बताया कि अप्रैल से जून के दौरान प्री–मानसून सीजन में तेज बारिश हो सकती है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। इधर, पिछले बहत्तर घंटों में राज्य में बिजली गिरने और बारिश से संबंधित अलग–अलग घटनाओं में अस्सी से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रदेश में बाढ़ के पूर्वानुमान और जल स्तर की निगरानी के लिए आठ जिलों में स्थाई कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। जल शक्ति मंत्रालय ने इसके लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग से जमीन की मांग की है। यह कार्यालय मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, दरभंगा, बेगूसराय, रोहतास, गया और सारण जिले में खोले जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के बारह अस्पतालों में डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, डीएनबी की पढ़ाई होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साईंसेज ने कुल तीस सीटों पर नामांकन को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मधुबनी, शिवहर, बांका, मुजफ्फरपुर, सीवान, अररिया, खगड़िया और भागलपुर जिला अस्पतालों में डीएनबी की पढ़ाई होगी। राज्य में डीएनबी की कुल सीटें बढ़कर उनासी हो गयी है।

———————————————————————

सहरसा से नई दिल्ली के बीच प्रस्तावित अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। सहरसा से सरायगढ़ के बीच इक्यावन किलोमीटर लंबे रेलखंड पर ट्रेन एक सौ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलायी गयी। इस ट्रेन का जल्द ही परिचालन शुरू होने की संभावना है।

———————————————————————

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और सचिन पायलट के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज पटना में सदाकत आश्रम से मुख्यमंत्री आवास के लिए मार्च निकाला। पुलिस ने राजापुर पुल के पास मार्च को आगे जाने से रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार भी की गयी। पुलिस ने कन्हैया कुमार को हिरासत में ले लिया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के भोरे स्थित गांधी स्मारक उच्च विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भोरे स्थित डिग्री कॉलेज में इस सत्र से विज्ञान की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

———————————————————————

दानापुर से राजद विधायक रीत लाल यादव के दानापुर स्थित आवास पर पुलिस और एसटीएफ की टीम छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी किस मामले में की जा रही है, पुलिस ने इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

———————————————————————

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्कूल रामपुर से पुलिस ने एक शिक्षक को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके बैग से शराब भी बरामद की गयी है।

रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के फुलमेट्टा गांव में स्थानीय लोगों ने एक वृद्ध महिला की डायन होने के संदेह में पीट–पीट कर हत्या कर दी।

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से चोरी की तीन मोटरसाईकिल भी जब्त की गयी है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।